



# विसर्जन परम्परा

## क्या आप जानते है..?

इंदौर में गणेशोत्सव की शुरुआत सन 1908 मे हुई थी और अनंत चतुर्दशी का पहला विसर्जन जुलूस 1924 मे हुकुमचँद मिल से निकाला गया था। राष्ट्रीय आंदोलन मे लोकमान्य तिलक के आह्वान पर इमली बाजार के बालाजी मंदिर (जो अब नही है) के सभागृह मे पहला गणेशोत्सव मनाया गया था, जिसे ब्रिटिश सरकार ने 5 अक्टूबर 1908 के राजकीय गजट मे इंदौर पीनल कोर्ट कि धारा 174(ए) के अंतर्गत इस उत्सव को अवैध घोषित कर दिया था और उत्सव के प्रमुख होलकर कालेज के प्राध्यापक गोखलेजी व अन्य विघार्थियो को राज्यबदर करने का आदेश दिये थे।

और उत्सव के प्रमुख होलकर कालेज के प्राध्यापक गोखलेजी व अन्य विघार्थियो को राज्यबदर करने का आदेश दिये थे। सन 1924 हुकमचँद मिल गणेश उत्सव समिति ने शहर मे रतजगे की शुरुआत की और चार गैस बत्ति, दो बैंड वाले दो विक्टोरिया बग्घियो के साथ पहला गणेश विसर्जन जुलूस शहर मे अनंत चतुर्दशी की संध्या को निकला, जिसमे 500 मिल मजदूरों के साथ मिल मैनेजर पंत वैघ साहब भी शामिल हुये थे।

अन्ततः

1924 से चली आ रही इंदौर की इस परंपरा के साक्षी हम आज एक बार फिर बनेंगे।

अनंत चतुर्दशी की शुभकामनाएं

सांध्य दैनिक

ओम अनन्ताय नमः |ओम अनन्ताय नमः |ओम अनन्ताय नमः

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 66 | इंदौर, मंगलवार 17 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



# आज पूरा शहर करेगा रतजगा

## झिलमिलाती झांकियों का कारवां और अखाड़ों के पहलवानों कलाकारों के करतब देखने उमड़ेगा जनसैलाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में आज अनंत चतुर्दशी पर देर शाम से अलसुबह तक 26 छोटी-बड़ी झाकियों का कारवां निकलेगा और अखाड़ों के पहलवान व कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यह देखने के लिए जनसैलाब उमड़ेगा और हमेशा की तरह रतजगा करेगा। झांकी जुलूस की शुरुआत शाम 6.30 बजे के आसपास भंडारी ब्रिज (चिकमंगलूर चौराहा) के पास होगी। सबसे आगे खजराना गणेश की झांकी रहेगी। जुलूस की शुरुआत के पहले कलेक्टर परंपरानुसार शाम 6 बजे खजराना गणेश की झांकी का पूजन करेंगे। जुलूस चिकमंगूलर चौराहा से एमजी रोड, कृष्णपुरा, राजबाडा होते हुए पश्चिम क्षेत्र के बाजार में पहुंचेगा। यहां से झाकियां पुनः अपने स्थानों पर लौट जाएंगी।

शहर के अलग अलग हिस्सों से झाकियां चिकमंगलूर चौराहा पर एकत्रित होगीं। चिकमंगलूर से जेल रोड चौराहा, एमजी रोड चौराहा, मृगनयनी, फ्रूट मार्केट, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नृसिंह बाजार, क्लॉथ मार्केट, खजूरी बाजार से राजवाड़ा से मृगनयनी, नगर निगम होते हुए पुनः झांकियां अपने-अपने स्थानों पर जाएंगी।

### 1923 में शुरू हुई परंपरा

बता दें कि झाकियां निकालने की परंपरा 1923-24 में हुकुमचंद मिल के मजदूरों ने शुरू की थी। इसे अब 101 साल पूरे हो रहे हैं। झांकियों का निर्माण एक महीने पहले शुरू हो जाता है। जुलूस में सिर्फ वे ही झाकियां शामिल होंगी, जिन्हें विधिवत परमिशन दी गई है।

शेष पेज 2-3 पर





आज पूरा शहर करेगा रतजगा.... प्रथम पेज का शेष

# दोपहर बाद ही प्रतिबंधित हो जाएंगे मार्ग

झांकी जुलूस को देखते हुए मंगलवार दोपहर से ही रूट के कई मार्ग पर यातायात प्रतिबंधित किया जाएगा। साथ ही रूट डायवर्शन भी किया है, जिसका प्लान प्रशासन ने जारी कर दिया है। 3 हजार से ज्यादा पुलिस फोर्स पूरे कार्यक्रम के दौरान तैनात रहेगी।

## ◆ खजराना गणेश की झांकी से होगी शुरूआत

इस साल भी खजराना गणेश मंदिर, आईडीए, नगर निगम, होप टैक्स्टाइल (भण्डारी मिल), कल्याण मिल, मालवा मिल, हुकुमचंद मिल, स्वदेशी मिल, राजकुमार मिल, स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी, जय हरसिद्धी मां सेवा समिति, श्री शास्त्री कॉर्नर नवयुवक मंडल की झाकियां इंदौर शहर को रोशन करते हुए निकलेंगी। सभी झांकियां अपने अखाड़ों के साथ चल समारोह में शामिल होंगी।

## ◆ निर्णायक मंच के सामने होगा प्रदर्शन

समारोह में सर्वश्रेष्ठ झाकियों और अखाड़ों के चयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्णायक मंच बनाया गया है। इस मंच के समक्ष अखाड़ों के द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली शस्त्र कला का प्रदर्शन किया जाएगा। निर्णायक मंच के समक्ष अखाड़ों के कलाकार गतका परी, एक हाथ का पटा और बनेठी का प्रदर्शन करेंगे। प्रत्येक कला के लिए तीन-तीन मिनट का समय दिया जाएगा।




## कड़ी सुरक्षा- 3000 से ज्यादा पुलिस फोर्स, 5 ड्रोन रखेंगे नजर

1. झांकी मार्ग को इस बार 11 जोन और 22 सेक्टर में बांटा गया है।
2. सुरक्षा के लिए प्रमुख चौराहों पर विशेष वॉच टावर होंगे, जिन पर एक टीआई सहित 10 जवानों का बल मौजूद होगा।
3. 3 हजार पुलिस के जवान-अधिकारी, बीएसएफ की 2 टुकडियां और 1 हजार से ज्यादा नगर सुरक्षा समिति सदस्य तैनात रहेंगे।
4. 18 वॉच टावर पूरे झांकी मार्ग पर रहेंगें। 12 प्रमुख झाकियों के साथ भी पुलिस की अलग-अलग टुकड़ी चलेगी।
5. 36 इमारतों की दूसरी मंजिल व छतों से दूरबीन धारी सशस्त्र बल के जवान तैनात रहेंगे।
6. दो कंट्रोल रूम रहेंगे। पहला कंट्रोल रूम कृष्णपुरा छत्री पर वीर सावरकर मार्केट के गेट पर पार्किंग वाले स्थान पर होगा।
7. दूसरा कंट्रोल रूम बंबई बाजार इलाके में। बीएसएफ की एक विशेष सशस्त्र बल की टुकड़ी तैनात होगी, दूसरी टुकड़ी राजबाड़ा पर।
8. पुलिस के 5 ड्रोन पूरे झांकी मार्ग पर अलग-अलग रूट पर नजर रखेंगे।
9. भीड़ में महिलाओं-युवतियों से छेड़छाड़ व नशा कर आने वाले बदमाश ड्रोन से नजर रखेंगे।
10. झांकी मार्ग के अतिरिक्त इससे जुडने वाले अन्य मार्गो पर भी पुलिस गश्त की जाएगी।
11. राजबाड़ा, नृसिंह बाजार, एमजी रोड थाने के सामने और पलासिया चौराहे पर एक-एक फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस तैनात होगी।
12. फील्ड में तैनात सभी जवान वायरलेस, ईयर फोन के माध्यम से कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट रहेंगे।
























मोबाईल की लत से नई
नई बिमारीया हो रही है





















# 8 माह से लापता युवती पहुंची घर

## पूर्व पड़ोसी ने बंधक बनाकर बनाए संबंध, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके पूर्व पड़ोसी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। आरोपी आठ माह पहले युवती को अपने साथ ले गया था। उसे गुजरात में रखा और उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद इंदौर में कमरे में बंधक बनाकर रखा। युवती मौका मिलने पर अपनी मां के पास पहुंची। बाद में थाने आकर केस दर्ज कराया।**

लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी के मुताबिक ओमेक्स सिटी के पास में रहने वाली एक युवती की शिकायत पर उसके पूर्व पड़ोसी दिनेश भांवर के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया गया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की 8 साल पहले मौत हो चुकी है। वह अपने परिवार के साथ जहां रहती थी, वहां दिनेश नजदीक ही रहता था। इसलिए उससे जान-पहचान थी। होली के त्योहार पर दिनेश ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। शादी करने की बात कही। उसके साथ चली गई। वह पहले अपने गांव ले गया। इसके बाद काम का कहकर गुजरात ले गया। यहां साथ में रहकर काम करवाता रहा। इस दौरान कई बार संबंध बनाए।कुछ माह पहले इंदौर लेकर आया। यहां पर उसने बंधक बनाकर घर में ही रखा। कहीं आने-जाने नहीं देता। शादी भी नहीं की। शुक्रवार की शाम दिनेश जब घर से काम के लिए निकला तो वह चुपचाप घर से निकल गई। रास्ते में उसने ऑटो रोकी ओमेक्स सिटी आ गई और मां को पूरी बात बताई। पुलिस के मुताबिक पीडिता ने अपने बयान में बताया कि दिनेश धमकी देता था कि उसके पास से भागकर घर या कही गई तो वह ढूंढ कर हत्या कर देगा। इसके कारण हमेशा डर कर रहती थी। पीडिता के मुताबिक आरोपी उसके रुपए भी रख लेता था।

# किराना दुकान से बेच रहा था शराब

## आबकारी ने दबिश देकर पकड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** किराना दुकान से शराब बेच रहे तस्कर के यहां आबकारी की टीम ने दबिश देकर वहां से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है साथ ही अलग अलग टीमें बनाकर एक साथ 41 स्थानों पर दबिश दी गई थी। कार्रवाई के दौरान करीब 29 प्रकरण दर्ज किए गए है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर शराब की धरपकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में पिछले दो दिनों से तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान छेड़ा गया था। मुखबिर से सूचना मिली थी कि किराना दुकान से शराब बेची जा रही है इस पर टीम वहां अचानक पहुंची और दुकान के अंदर तलाशी ली तो वहां से शराब मिली जिसे टीम ने जब्त कर इसके बेचने वाले तस्कर को गिर तार कर लिया। श्री खरे का कहना है कि करीब 41 स्थानों पर अलग अलग टीमों ने दबिश देकर वहां से &7.98 बल्क लीटर देशी शराब,8.94 बल्क लीटर विदेशी शराब,1&1 लीटर हाथ भट्टी शराब और 580 किलोग्राम महुआ लहान जब्त की है। जब्त सामग्री की कीमत एक लाख रूपए से अधिक की बताई जा रही है।

# भंडारे में विवाद, मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमआईजी क्षेत्र में मंदिर पर भंडारे के दौरान मारपीट हो गई। विवाद त्रिवेणी उद्यान जगजीवन राम नगर में हुआ। फरियादी मौक्षित सोनगरा की रिपोर्ट पर आरोपी विनय कचोडे पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि भंडारे के दौरान आरोपी आया और गलत टीका लगाने लगा इसी पर विवाद हुआ और उसने मारपीट की। वहीं पलासिया इलाके में डोल समाप्त करने की बात पर विवाद और मारपीट हो गई। विवाद बड़ी ग्वाल टोली में हुआ। फरियादी राजू बौरासी की रिपोर्ट पर आरोपी आकाश,वीरेंद्र, बाबूलाल बौरासी,तन्नू और साहिल पर केस दर्ज किया गया।

## धोखाधड़ी का केस दर्ज

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में मकान खरीदने वाले ने मकान पर कब्जा ले लिया मगर उसके दिए गए चेक बाउंस हो गए। आरोपी ने लाखों रूपए की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आवेदक संतोष पिता अंबाप्रसाद यादव निवासी अजयबाग कालोनी मूसाखेड़ी की शिकायत पर आरोपी भरत खंडारे निवासी अजय बाग कालोनी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने अजय बाग कालोनी स्थित अपने मकान का सौदा आरोपी से किया था। आरोपी ने नकदी 2,51 लाख रूपए दिए और 8,&& लाख रूपए के चेक दिए। इसके बाद प्लाट पर कब्जा भी ले लिया। मगर बाद में आरोपी के उक्त चेक बाउंस हो गए। आरोपी ने बकाया राशि भी नहीं दी और धोखाधड़ी की। पुलिस ने बताया कि शिकायत आवेदन की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

## चार लाख की ब्राउन शुगर जब्त

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने एक बदमाश को चार लाख रूपए की ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम देव सेंगर निवासी भागीरथपुरा है। इसके बारे में लगातार सूचना मिल रही थी कि वह क्षेत्र में ड्रग्स की पुडियाएं बेच रहा है। जब इसे पकड़ा गया और तलाशी ली तो इसके पास 40 ग्राम से 'यादा ब्राउन शुगर मिली।

## जान से मारने की धमकी दी

**इंदौर।** एरोड्रम पुलिस ने सागर सैनी निवासी नगीन नगर की रिपोर्ट पर भरत भिलवारे के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गाड़ी सही से चलाने की बात को लेकर कहासुनी हो गई और फरियादी के साथ मारपीट की गई। इसके अलावा एमआईजी में भी जगजीवन राम नगर की रिपोर्ट पर विनय कचोड़े के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। भंडारे में गलत तरीके से टीका लगाने की बात को लेकर कहासुनी हो गई और मारपीट की गई।

## कार में तोड़फ़ोड़

**इंदौर।** परदेशीपुरा पुलिस ने जितेंद्र बागोरा आलापुरा की रिपोर्ट पर जयेश,निखिल,गौरव,कृष्णा और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मुलजिमों ने फरियादी की कार में तोड़फ़ोड़ की और इलाके मनें धमकिया भी दी हैं। रात में वो बेवजह तोड़फ़ोड़ कर दी।

## शराब के लिए पीटा

एमआईजी इलाके में एक अड़ीबाज गुंडे ने एक फरियादी को पीटा और शराब पीने के लिए रूपए मांगे। विरोध करने पर बोला कि रूपए नहीं दिए तो गोली मार दूंगा। एमआईजी पुलिस के मुताबिक अड़ीबाजी की वारदात एमआर 9 पर कालिंदी स्क्वेयर बिल्डिंग के मेन गेट के पास हुई। फरियादी अनुभव राज पिता भगवानदास पांडेय की रिपोर्ट पर आरोपी आदित्य घावरी निवासी अमर टेकरी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

# तीन घरों में घुसे चोर

## ले उड़े नगदी और जेवरात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सिमरोल पुलिस ने राज ठाकुर निवासी तेजाजी नगर की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया है। उसके यहां से जेवर और नकदी चुरा ली। ठाकुर ने बताया कि स्वर्ण सिटी कालोनी में फरियादी का मकान है। उसका ताला तोडक़र सोने की चेन,टीका,दस हजार रूपए नकद चुरा लिए। पास में ही रहने वाले सौरभ सिंह के यहां भी चोर घुस गए और लैपटाप के साथ साडिय़ां चुराकर ले गए। पास में ही राहुल प्रजापत के गर को भी चोरों ने निशाना बनाया और यहां से सोने का हार,टीका, अंगूठी, पूजा के सिक्के और दस हजार रूपए चुराकर ले गए। एक ही दिन में तीन घरों में चोरी को लेकर पुलिस की गश्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा लसूडिय़ा पुलिस ने नमन पटेल निवासी महालक्ष्मी नगर की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया है। फरियादी के कमरे से लैपटाप और घड़ी चोरी चली गई। वहीं बाणगंगा में रवि नागौरी की रिपोर्ट पर भी चोरी का केस दर्ज किया है। रेवती रेंज के पास फरियादी की फैक्ट्री है यहां से कापर वायर और अन्य सामान चुरा लिया। चोरों ने यहां से भी हजारों का माल चुराया है। सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

### किराना दुकान में हुई चोरी

पुलिस ने वासुदेव कृष्णा किराना दुकान में चोरी के मामले मे पुलिस ने केस दर्ज किया है। बताते हैं कि आधी रात को चोरी की घटना हुई। दुकान में नकाबपोश घुसा और यहां से 45 हजार रूपए नकद के अलावा किराने का सामान चुराकर ले गया। दुकान में सीसीटीवी कैरमे लगे हैं जिसमें वो चोरी करते नजर आ रहा है। पिछले दस दिनों से यहां पर चोरी की घटनाएं हो रही है उसमें पुलिस की लापरवाही सामने आई है।

# प्रधानमंत्री की योजनाओं को पलीता लगाता ग्राम पंचायत आगरा का सरपंच

## नल जल योजना का काम 2023 पुरा होने के बाद भी हैंड ओवर नहीं ले रहा सरपंच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल योजना चलाई जा रही है इसी योजनाओं को आगे बढ़ाने में लगे प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव लेकीन इन्ही की सरकार में बेठे ग्राम पंचायत आगरा के सरपंच इन योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं। हम बात कर रहे देपालपुर के गांव आगरा की जहा अप्रैल 2023 में नल जल योजना के तहत काम पूरा हो गया था लेकिन सरपंच मनोज छाड़िया हेड ओवर लेने में 1 साल से आना कानी कर रहे है गांव वाले भी पानी को लेकर परेशान हैं कभी मोटर खराब तो कभी सुचारु रुप से पानी नही आता इस मामले में देपालपुर प्रेस क्लब ने जांच पड़ताल की तो कॉन्टैक्टर ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि मेने तो अप्रैल 2023 में काम पुरा कर दिया मुझे जो काम करना था उससे कहीं ज्यादा काम कर चुका हूं 5300 मी पाइपलाइन बिछाना थी मैंने 8300 मी पाईप लाइन बिछा दी मुझे 354 नल कनेक्शन देना थे हमने 478 कनेक्शन दे



दिए लेकिन सरपंच नलजल योजना के मामले मे टाल मटोल करता रहता है मामला देपालपुर जनपद सीईओ एमएल वर्मा के पास गया तो उन्होंने आगरा में मीटिंग बुलाई कॉन्टैक्टर, सरपंच जनपद सीईओ पीएचई विभाग के अधिकारी बिच 16 पॉइंट पर सहमति बनी हर एक पॉइंट पर सरपंच को प्रमाण पत्र देना था कॉन्टैक्टर ने चार पॉइंट का काम पूरा कर दिया उसके बाद सरपंच प्रमाण पत्र लिखकर नही दे रहा है कॉन्टैक्टर ने फिर 12 पॉइंट पर काम बंद कर दिया पूर्व में भी आगरा की महिलाएं डब्बों से पानी लाने को मजबूर थी सरकार ने पानी के लिऐ आगरा में 3 बोरिंग दीए लेकीन एक ही बोरिंग चलाया जाता है एक बोरिंग से पूरे गांव में पानी की पूर्ति नही होती अख़बार में ख़बर प्रकाशित होने के बाद एक और बोरिंग चलाया गया पानी को लेकर महिलाए जनपद सीईओ का घेराव भी कर चुकी है।

आखिर क्यों सरपंच के कार्य प्रणाली पर बार-बार सवाल खड़े हो रहे हैं क्या आगरा के सरपंच सुचारू रूप से कोई काम करना नहीं चाहते है । कभी कचरा सड़क के किनारे पड़ा रहता है तो कभी पानी की व्यवस्था चौपट होती नजर आ रही है यात्री प्रतीक्षालय मामले में भी सरपंच के परिवार का नाम सामने आया है यात्री प्रतीक्षालय मामले में एसडीएम ने तहसीलदार को निर्देश भी दीए है जिन्होंने प्रतिक्षालय पर कब्जा जमाया है उन पर कार्यवाही की जाए।

# संपादकीय

## कार्यशैली पर उठे सवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आखिरकार कथित आबकारी नीति घोटाले में जमानत मिल गई। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी पर उन्हें पहले ही जमानत मिल गई थी। अब सीबीआइ की गिरफ्त से भी उन्हें मुक्ति मिल गई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है, पर इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने जो सवाल उठाए, वे जांच एजंसियों के कार्य व्यवहार पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत रेखांकित करते हैं। कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार किए गए अब लगभग सभी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। मगर इस पूरे प्रकरण से यही जाहिर हुआ है कि इसमें भ्रष्टाचार निवारण की नीयत कम और राजनीतिक मंशा अधिक काम कर रही थी। सर्वोच्च न्यायालय बार-बार कह रहा था कि जमानत अधिकार है और जेल विशेष परिस्थितियों में ही भेजा जाना चाहिए। मगर निचली अदालत और उच्च न्यायालय लगातार केजरीवाल और दूसरे आरोपियों की जमानत याचिकाएं रद्द करती रहीं। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआइ हर बार कुछ नया नुक्ता निकाल कर इस मामले को लटकाए रखने का प्रयास करती रही। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय को यह तक कहना पड़ा कि अगर जांच एजंसियां इस तरह बेवजह जमानत के मामले को लंबा खींचती रहेंगी, तो मामले की सुनवाई शुरू ही नहीं हो सकेगी। आम आदमी पार्टी शुरू से आरोप लगाती रही है कि शराब घोटाला मनगढ़ंत मामला है, वह केवल केजरीवाल सरकार को अस्थिर करने और उसके कामकाज में बाधा डालने की नीयत से रचा गया है। मगर उपराज्यपाल और भाजपा इसे बड़ा भ्रष्टाचार बताते रहे। इसे लेकर लंबे समय से सियासी रस्साकशी चलती रही है। मगर इसकी असलियत तो तभी पता चल सकेगी, जब अदालत में इस पर सुनवाई पूरी होगी। अभी तक तो केवल जमानत के लिए संघर्ष चल रहा था। मनीष सिसोदिया करीब डेढ़ वर्ष जेल में रहे। अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और के कविता करीब पांच-पांच महीने सलाखों के पीछे रहे। बार-बार यह सवाल उठता रहा कि उन्हें जमानत क्यों नहीं मिलनी चाहिए।

**अर्ज किया है..!**

*किस ने देखे हैं तिरी*
*रूह के रिसते हुए ज़ख़्म*
*कौन उतरा है तिरे*
*क़ल्ब की गहराई में*

*- रईस अमरोहवी*

MORARI BAPU


सत्य-प्रेम-करुणा...

## युवाओं के लिए 5 सूत्र

1) रोज़ इष्ट ग्रंथ का पाठ ।

2) हो सके तो नित्य पांच दस मिनट के लिए एकांत में रहो ।

3) पादुका का स्मरण

4 ) जहां तक संभव हो वाद विवाद न करो किसी से भी... सहन कर लो ।

5 ) जब अवसर मिले साधु संग करना..कथा सुनना अथवा अपने बुद्धपुरूष की स्मृति में रहना ।

(रामकथा - मानस कंदरा)

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

# धर्म-कर्म

# ॐ आद्य-भूताय विद्महे सर्व-सेव्याय धीमहि। शिव-शक्ति-स्वरूपेण पितृ-देव प्रचोदयात्।।

## महालयारंभ श्राद्धपक्ष आरम्भ



### ◆ श्राद्ध में रखें ये सावधानियाँ

- पितरों को खिलाये बिना नहीं खायें। पराया अन्न भी नहीं खाना चाहिए।
- श्राद्धकर्ता श्राद्ध पक्ष में पान खाना, तेल-मालिश, स्त्री-सम्भोग, संग्रह आदि न करें।
- श्राद्ध का भोक्ता दुबारा भोजन तथा यात्रा आदि न करें। श्राद्ध खाने के बाद परिश्रम और प्रतिग्रह से बचें।
- श्राद्ध करनेवाला व्यक्ति ३ से ज्यादा ब्राह्मणों तथा ज्यादा रिश्तेदारों को न बुलायें।
- श्राद्ध के दिनों में ब्रह्मचर्य व सत्य का पालन करें और ब्राह्मण भी ब्रह्मचर्य का पालन करके श्राद्ध ग्रहण करने आये।

### ◆ श्राद्ध में उत्तम क्या ?

**तीन चीजें श्राद्ध में प्रशंसनीय हैं :**

(1) शुद्धि
(2) अक्रोध
(3) अत्वरितता : जल्दबाजी नहीं, धैर्य।

### ◆ तीन चीजें श्राद्ध में पवित्र होती हैं :

(1) तिल
(2) बेटी का बेटा दौहित्र
(3) कुतपकाल

सुबह 11:36 से लेकर 12:24 तक विशेषकाल माना जाता है। थोड़ा आगे-पीछे हो जाय तो कोई बात नहीं लेकिन इस काल में श्राद्ध की विशेष पवित्रता होती है।

### ◆ श्राद्धकाल में सात विशेष शुद्धियों का ध्यान रखना चाहिए :

(1) नहा-धोकर शरीर शुद्ध हो।
(2) श्राद्ध की द्रव्य-वस्तु शुद्ध हो।
(3) स्त्री शुद्ध हो, मासिक धर्म में न हो।
(4) जहाँ श्राद्ध करते हैं वह भूमि शुद्ध हो। गोझरण से, देशी गाय के गोबर से लीपन की हुई हो।
(5) मंत्र का शुद्ध उच्चारण करें।
(6) ब्राह्मण भी शुद्ध भाववाला हो और तम्बाकू, जर्दा आदि का सेवन न करता हो।
(7) मन को भी शुद्ध रखें।

### ◆ श्राद्धयोग्य तिथियाँ

- ऊँचे में ऊँचा, सबसे बढ़िया श्राद्ध श्राद्धपक्ष की तिथियों में होता है। हमारे पूर्वज जिस तिथि में इस संसार से गये हैं, श्राद्धपक्ष में उसी तिथि को किया जाने वाला श्राद्ध सर्वश्रेष्ठ होता है।
- जिनके दिवंगत होने की तिथि याद न हो, उनके श्राद्ध के लिए अमावस्या की तिथि उपयुक्त मानी गयी है। बाकी तो जिनकी जो तिथि हो, श्राद्धपक्ष में उसी तिथि पर बुद्धिमानों को श्राद्ध करना चाहिए।
- जो पूर्णमासी के दिन श्राद्धादि करता है उसकी बुद्धि, पुष्टि, स्मरणशक्ति, धारणाशक्ति, पुत्र-पौत्रादि एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती। वह पर्व का पूर्ण फल भोगता है।

-बाबापण्डित (http://www.babapandit.com)

New Delhi

# आतिशी बनेंगी दिल्ली की नई CM, विधायकों के सामने खुद केजरीवाल ने रखा प्रस्ताव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। अरविंद केजरीवाल के आवास पर विधायक दल की बैठक में खुद आम आदमी पार्टी के प्रमुख ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा जिस पर विधायकों ने खड़े होकर अपनी मुहर लगा दी। केजरीवाल के जेल जान के बाद सरकार की सबसे ताकतवर मंत्री के रूप में उभरीं आतिशी कालकाजी से पहली बार की विधायक हैं।

दिल्ली की शिक्षा नीति बनाने में भी उनकी अहम भूमिका रही है। आतिशी को केजरीवाल और सिसोदिया दोनों का विश्वासपात्र माना जाता है। करीब 18 विभागों को संभाल रहीं आतिशी के पास अब प्रशासन का अच्छा



अनुभव है। वह पार्टी के पक्ष को मजबूती से मीडिया के सामने रखती रही हैं। आतिशी को सीएम बनाकर केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव से पहले आधी आबादी को भी साधने की कोशिश की है।

कथित शराब घोटाले में कई महीनों तक जेल में रहने के बाद बाहर निकले केजरीवाल ने रविवार को इस्तीफे की घोषणा की थी। वह मंगलवार शाम एलजी वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। केजरीवाल ने कहा है कि वह तब तक दोबारा सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक चुनाव जीतकर जनता से ईमानदारी का सर्टिफिकेट हासिल नहीं कर लेते हैं।

2020 विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में 62 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाई थी।

Uttarpradesh

गाजीपुर में ट्रेन डिरेल की साजिश!

# रेलवे ट्रैक पर रखा लकड़ी का बड़ा टुकड़ा इंजन में फंसा



**गाजीपुर, (एजेंसी)** यूपी के गाजीपुर जिले में रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का बड़ा टुकड़ा मिलने के बाद हड़कंप मच गया. मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है. सिटी स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर ये लकड़ी का टुकड़ा मिला था, जो इंजन में फंस गया था. इसके चलते स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी आ गई और वो करीब 2 घंटे तक खड़ी रही. बताया जा रहा है कि ट्रैक पर रखा लकड़ी का टुकड़ा ट्रेन के इंजन में फंस गया था. गनीमत रही कि समय रहते ड्राइवर ने ट्रेन को रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया. फिलहाल, जांच-पड़ताल की जा रही है कि कहीं ये ट्रेन को डिरेल करने की कोई साजिश तो नहीं. क्योंकि, बीते दिनों कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश का खुलासा हुआ था. असामाजिक तत्वों ने ट्रैक पर गैस सिलेंडर रख दिया था. गाजीपुर में हुई इस घटना के बाद रेलवे के अभियंता की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ. एसपी सिटी ने कहा है कि कुछ दिन पहले ही रेल की पटरी पर कुछ लोगों ने पत्थर के टुकड़े रख दिए थे, जिसमें तीन लोग गिरफ्तार हुए थे. दरअसल, सुबह-सुबह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन रेल पटरी पर एक तेज आवाज के साथ खड़ी हो गई थी. ड्राइवर ने पास के गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर इसकी सूचना दी तो आरपीएफ, जीआरपी के साथ सिविल पुलिस और तकनीकी इंजीनियर्स मौके पर पहुंचे. जांच में पता चला कि एक लकड़ी का बड़ा टुकड़ा रेल की पटरियों पर रखा गया था.

Chhattisgarh

# गणेश पूजा पंडाल में DJ पर तेज म्यूजिक को लेकर हुआ विवाद, शख्स ने किया सुसाइड

**दुर्ग, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में DJ की तेज आवाज से परेशान होकर एक 55 साल के शख्स ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. मृतक की पहचान 55 वर्षीय धनू लाल साहू के तौर पर हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की. पीड़ित परिवार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गणेश पूजा पंडाल समिति के लोगों से मिन्नतें की थी कि डीजे के साउंड को कम कर दें, पर उनकी बात किसी ने नहीं मानी.

पीड़ित परिवार ने बताया कि जब वो समिति अध्यक्ष गोल्डी वर्मा से डीजे की आवाज कम करने के लिए बोला तो उसने मृतक धनू लाल के मुंह पर SDM से मिली DJ बजाने की अनुमति की कापी उनके मुंह पर फेंकी. इस बात से आहत होकर धनू लाल साहू ने घर में फांसी लगा ली. मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार गोल्डी वर्मा को ठहराया है.

New Delhi

# खत्म होने वाला है इंतजार, जल्द होगी जनगणना; कास्ट सेंसस पर भी बोले अमित शाह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत में जल्द ही जनगणना होने जा रही है। मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी इसके संकेत दे दिए हैं। हालांकि, उन्होंने इस संबंध में तारीख को लेकर स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कहा है। साथ ही उन्होंने जातिगत जनगणना के मुद्दे पर भी चर्चा की। हाल ही में खबरें आई थीं कि देश में सेंसस की तैयारियां चल रही हैं। साल 2011 के बाद से देश में जनगणना नहीं हुई है। जातिगत जनगणना को लेकर पूछे गए सवाल पर शाह ने कहा कि जब भी हम जनगणना का ऐलान करेंगे, तब सभी जानकारियां सार्वजनिक कर दी जाएंगी। दरअसल, इससे पहले साल 2021 में जनगणना



होना था, लेकिन कोरोनावायरस महामारी के चलते प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी। जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल 2020 को शुरू किया जना था, लेकिन इसे टालना पड़ा।

खेल

# सिर्फ 152 रन और... स्पेशल क्ल ब में शामिल हो जाएंगे विराट कोहली, सचिन समेत तीन ही भारतीय इसमें

**चेन्नई, (एजेंसी) विराट कोहली लंबे ब्रेक के बाद टेस्ट क्रिकेट में एक बार फिर अपनी धाक जमाने मैदान पर उतरेंगे। भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है। सीरीज का पहला मुकाबला चेन्नई में खेला जाएगा। विराट कोहली इस मैच से टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। साउथ अफ्रीका दौरे के बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का कोई भी मुकाबला नहीं खेला था।**

विराट कोहली के टेस्ट में 8848 रन

टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली के नाम 8848 रन हैं। विराट के पास इस फॉर्मेट में 9000 रन पूरे करने का मौका है। 2011 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। अभी तक 113 टेस्ट की 191 पारियों में पूर्व भारतीय कप्तान ने 49.15 की औसत से 8848 रन बनाए



हैं। विराट के नाम 29 शतक के साथ ही 30 अर्धशतक हैं। टेस्ट में उनकी सबसे बड़ी पारी नाबाद 254 रनों की रही है, जो साउथ अफ्रीका के खिलाफ आई थी।

### सिर्फ तीन भारतीय के नाम 9000 रन

टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए 9000 से ज्यादा रन सिर्फ तीन ही बल्लेबाजों ने बनाए हैं। सबसे पहले यह कारनामा महान सुनील गावस्कर ने 1985 में किया था। वह टेस्ट में 9000 रन बनाने वाले दुनिया के भी पहले बल्लेबाज थे। इसके बाद सचिन तेंदुलकर ने 2004 में अपने 9000 टेस्ट रन पूरे किए। फिर 2006 में राहुल द्रविड़ का नाम इस लिस्ट में जुड़ा। उसके बाद से कोई भी भारतीय बल्लेबाज यहां तक नहीं पहुंच पाया है। वीवीएस लक्ष्मण के 8781 तो वीरेंद्र सहवाग के 8503 रन हैं।

राहुल द्रविड़ ने 176 पारियों में 9000 रन पूरे कर लिए थे। सचिन तेंदुलकर ने उनसे तीन ज्यादा पारियां ली थीं। सुनील गावस्कर की बात करें तो उन्होंने 192 पारी में 9000 टेस्ट रन पूरे किए। विराट कोहली की बात करें तो वह 191 पारी खेल चुके हैं। चेन्नई टेस्ट में भारत की पहली पारी में वह 152 रन नहीं बना पाते हैं तो 9000 टेस्ट रन तक पहुंचने वाले सबसे धीमे भारतीय बल्लेबाज होंगे।

सिनेमा

# सलमान खान के नाम पर चल रहे स्कैम का पर्दाफाश, टीम ने दी वॉर्निंग- लेंगे लीगल एक्शन



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है. एक्टर के नाम पर एक स्कैम चलाया जा रहा था, जिसका उनकी टीम ने पर्दाफाश किया है. टीम ने एक ऑफिशियल नोटिस भी जारी किया है. इस नोटिस में यूएस टूर के नाम पर पैसे ऐंठने वालों के खिलाफ लीगल एक्शन लेने की बात भी कही गई है. दरअसल सलमान खान का नाम लेकर दावा किया गया कि एक्टर 5 अक्टूबर को अमेरिका के अर्लिंग्टन थिएटर में नजर आएंगे. वो एक यूएस टूर करने वाले हैं, ये कह कर टिकट बेची जा रही थी और लोगों से पैसे वसूले जा रहे थे. जैसे ही ये मामला सामने आया सलमान खान ने ऑफिशियल नोट जारी कर सारी बात क्लियर की. सलमान के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट कर लिखा गया- आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सलमान खान या उनसे जुड़ी किसी कंपनी या उनकी टीम ने यूएस में कोई कॉन्सर्ट या अपीयरेंस ऑर्गनाइज नहीं किया है. कोई भी ऐसा दावा जहां ये कहा जा रहा हो कि सलमान खान परफॉर्म करने वाले हैं- बिल्कुल गलत है. कृप्या इन पर भरोसा ना करें. ना ही इस तरह के किसी इ-मेल, मैसेज या विज्ञापन को मानें. इस तरह की झूठी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ फ्रॉड का सख्त एक्शन लिया जाएगा.

## Highlights

1. Lord Ram gave up kingdom for dignity: AAP as Kejriwal to resign
2. 30% weapons recovered in Manipur more advanced than those in state armouries: Report
3. Ganesh Visarjan 2024: Idol immersion processions to begin in Maha
4. IIT Varanasi asks question on Captain America vs Thanos fight scene in exam
5. PM was born into poor family but 15 nations gave honor to him: Shah

# Bill Gates' praise for India: 'Midday meal, other initiatives very impressive'

**NEW DEIHI, (Agency).** Microsoft co-founder Bill Gates said he would give India "an A" for its focus on solving the problem of malnutrition. Talking to news agency PTI, he said, "Well, India, for its income level, acknowledges that some of these nutritional indicators are weaker than it would like. That kind of frankness and focus on it, I think is very impressive."

India is more focused on the issue than any other government, he said, adding, "It's using the public feeding system and the Midday Meal System to try and get fortified foods out, but it's still a huge opportunity. I would give India an A for focus on the problem."

He continued, "I think it probably would rate itself maybe a B for the education but with the real serious intent to do even better."

The understanding of malnutrition has improved



a lot, he said, adding that the Gates Foundation is the biggest funder there.

"Part of that's been understanding the complex system in your gut, which involves a lot of bacteria. It's called the microbiome. But what we've seen is that if you're missing certain vitamins or if you're missing protein, some kids, their gut gets inflamed, so they can't absorb the food they're eating, and they simply don't grow," he said.

One of the tragedies of malnutrition is measuring how much a kid loses in terms of their physical capabilities and mental capabilities because of malnutrition at a young age, he said.

"We haven't had a very good measure of that. We're getting better at that," he said.

Solving malnutrition or even just reducing it has two gigantic benefits, he said.

"One is that a well-nourished kid is far less likely, twice as less likely to die as they face various disease episodes like diarrhoea or pneumonia during their early years; but the second thing, which is absolutely gigantic, is that because in those early years, your malnutrition, deficits, you can't recover," he said.

# PN Gadgil Jewellers shares off to solid market debut; surge nearly 74%

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of jewellery retail chain PN Gadgil Jewellers Ltd made a remarkable market debut on Tuesday, listing with a premium of nearly 74 per cent, against the issue price of ₹480.

The stock made its debut at ₹834, surging 73.75 per cent from the issue price on the BSE. Later, it jumped 75.79 per cent to ₹843.80.

At the NSE, shares of the




firm listed at ₹830, soaring 72.91 per cent. The company's market valuation stood at ₹10,950.98 crore.

The initial public offer of PN Gadgil Jewellers Ltd received 59.41 times subscription on the last day of bidding on Thursday.

The ₹1,100-crore initial share sale had a price band at ₹456-480 per share.

The Maharashtra-based company's IPO had a combination of a fresh issue of equity shares worth up to ₹850 crore and an Offer For Sale (OFS) of equity shares to the tune of ₹250 crore by promoter SVG Business Trust.

Of the fresh issue proceeds, ₹393 crore will be utilised for the funding expenditure towards setting up 12 new stores in Maharashtra, ₹300 crore for payment of debt, besides a portion will also be used for general corporate purposes.

PN Gadgil Jewellers Ltd offers a wide range of precious metal/jewellery products including gold, silver, platinum and diamond jewellery, across various price points and designs.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक